Important Questions Class 8 Hindi Chapter 5 नई समस्याएँ

प्रश्न 1. हर्ष कहाँ का शासक था?

उत्तर: हर्ष उत्तर भारत का शक्तिशाली शासक था।

प्रश्न 2. भारत और अरब के बीच कैसा संपर्क हुआ?

उत्तर: भारत और अरब के बीच यात्रियों का आना-जाना शुरू हुआ, राजदूतों की अदला-बदली शुरू हुई, पुस्तकें इधर-उधर हुईं, चिकित्सक गए, व्यापार शुरू हुआ।

प्रश्न 3. भारत और अरब के बीच व्यापार और सांस्कृतिक संबंध कहाँ तक सीमित थे?

उत्तर: भारत और अरब के बीच व्यापार-संबंध उत्तर भारत तक सीमित थे।

प्रश्न 4. महमूद गजनवी का भारत पर कब आक्रमण हुआ?

उत्तर: सन् 1000 के आस-पास महमूद गजनवी ने भारत पर आक्रमण किया। वह भारत से बहुत बड़ा खजाना लूटकर ले गया। महमूद ने पंजाब और सिंध को अपने राज्य में मिला लिया। सन् 1050 ई. में उसकी मृत्यु हो गई।

प्रश्न 5. शहाबुद्दीन गौरी कौन था?

उत्तर: एक अफगान शहाबुद्दीन गौरी ने गजनी पर आक्रमण करके उस पर अधिकार कर लिया। उसने पहले लाहौर, फिर दिल्ली पर कब्जा कर लिया। 1192 ई. में पृथ्वीराज चौहान को हराकर वह दिल्ली के तख्त पर बैठा।

प्रश्न 6. तैमूर ने क्या किया?

उत्तर: 14वीं शताब्दी के अंत में तुर्क-मंगोल तैमूर ने उत्तर की ओर से आकर दिल्ली की सल्तनत को ध्वस्त कर दिया। वह कुछ महीने ही भारत में रहा।

प्रश्न 7. 14वीं शताब्दी में कौन-से दो बड़े राज्य कायम हुए?

उत्तर:

1. गुलमर्ग जो बहमनी राज्य के नाम से प्रसिद्ध है।
2. विजयनगर का हिंदू राज्य।

प्रश्न 8. भारत में पर्दा-प्रथा कब शुरू हुई?

उत्तर: भारत में पर्दा-प्रथा की शुरुआत मुगल काल में हुई। औरतों को अलग पर्दे में रखने की प्रथा उन इलाकों में सबसे अधिक थी, जहाँ ऊँचे वर्ग थे।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 9. अमीर खुसरो कौन थे?

उत्तर: अमीर खुसरो फारसी के प्रसिद्ध कवि और लेखक थे। उन्हें संस्कृत का अच्छा ज्ञान था। उन्हें सितार का आविष्कारक माना जाता है। अमीर खुसरो ने पहेलियाँ भी लिखी हैं।

प्रश्न 10. अकबर कौन था? उसका परिचय दीजिए।

उत्तर: अकबर मुगल शासक बाबर का पोता था। वह मुगल खानदान का तीसरा शासक था। उसका आकर्षक व्यक्तित्व था। 1556 ई. में वह बादशाह बना। उसने 50 वर्षों तक शासन किया। उसने राजपूतों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए। अकबर ने जो इमारत खड़ी की, वह इतनी मजबूत थी कि दुर्बल उत्तराधिकारियों के बावजूद 100 साल तक शासन कायम रहा।

प्रश्न 11. मुगल शासन में कौन-सी पस्तकें लिखी गई?

उत्तर: मुगल शासन के दौरान हिंदुओं ने फारसी में अनेक कालजयी रचनाएँ लिखीं। मलिक मुहम्मद जायसी ने 'पद्मावत' लिखा। रहीम भी अकबर के अमीर थे तथा फारसी, अरबी और संस्कृत के कवि थे।

प्रश्न 12. औरंगजेब कौन था?

उत्तर: औरंगजेब मुगल शासक था। उसने अपने पूर्वजों के कामों पर पानी फेर दिया। उसने उल्टी गंगा बहाई। उसे कला, साहित्य से प्रेम नहीं था। वह धर्मान्ध, कठोर और नेतिकतावादी था। उसने हिंदुओं पर जजिया-कर लगाया। उसने अनेक हिंदू मंदिर तुड़वा दिए।

प्रश्न 13. 18वीं शताब्दी में भारत पर अधिकार के दावेदार कौन थे?

उत्तर: 18वीं शताब्दी में भारत पर अधिकार के चार दावेदार थे-

i) मराठे,
ii) हैदरअली और उसका बेटा टीपू सुल्तान,
iii) फ्रांसीसी,
iv) अंग्रेज।

प्रश्न 14. अंग्रेजों ने किस-किसको हराकर भारत पर प्रभुत्व स्थापित किया?

उत्तर: अंग्रेजों ने टीपू सुल्तान तथा मराठों को पराजित कर अपना प्रभुत्व स्थापित किया।

प्रश्न 15. जयपुर के राजा जयसिंह ने क्या-क्या निर्माण करवाया?

उत्तर: राजा जयसिंह ने जयपुर, दिल्ली, उज्जैन, बनारस और मथुरा में बड़ी-बड़ी वेधशालाएँ बनवायीं। जयपुर नगर को बसाया।

प्रश्न 16. इंग्लैंड में रॉयल सोसाइटी की स्थापना कब हुई?

उत्तर: सन् 1660 ई. में इंग्लैंड में रॉयल सोसाइटी की स्थापना हुई।

प्रश्न 17. 'द वैल्थ ऑफ नेशन्स' में एडम स्मिथ ने क्या लिखा है?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर: एडम स्मिथ ने सन् 1776 ई. में 'द वैल्थ ऑफ नेशन्स' में लिखा है कि एकमात्र व्यापारियों की कंपनी की सरकार किसी भी देश के लिए सबसे बुरी सरकार है।

https://www.evidyarthi.in/